**प्रेस नोट दिनांक : 06.09.2026**

थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़

थाना दिलीपपुर पुलिस द्वारा 04 अदद अवैध देशी बम के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री आलोक कुमार एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री प्रदीप कुमार के पर्यवेक्षण में थाना दिलीपपुर प्रभारी निरीक्षक श्री विजयकान्त सत्यार्थी के नेतृत्व में उ0नि0 देवेन्द्र कुमार पाठक मय हमराह का0 आशीष कुमार, का0 लक्ष्मण, रि0का0 सत्य कुमार एवं का0 नितिन द्वारा रोकथाम जुर्म-जरायम, तलाश वांछित/वारंटी/पुरस्कार घोषित अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु/वाहन की चेकिंग एवं शांति व्यवस्था ड्यूटी के दौरान मुखबिर की सूचना पर सरखेलपुर नहर पुलिया के पास से 01 अभियुक्त इन्जिमामुल हक उर्फ तलहा पुत्र गुलफाम, निवासी ग्राम यहियापुर, थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

उक्त बरामदगी के आधार पर थाना दिलीपपुर पर मु0अ0सं0 196/2026, धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण—
1. इन्जिमामुल हक उर्फ तलहा पुत्र गुलफाम, उम्र करीब 25 वर्ष, निवासी ग्राम यहियापुर, थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी—
04 अदद अवैध देशी बम।

पुलिस टीम—
उ0नि0 देवेन्द्र कुमार पाठक, का0 आशीष कुमार, का0 लक्ष्मण, रि0का0 सत्य कुमार एवं का0 नितिन, थाना दिलीपपुर, जनपद प्रतापगढ़।

थाना लालगंज जनपद प्रतापगढ़

थाना लालगंज पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट के तहत 01 वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर के निर्देशन में जनपद में वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना लालगंज पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय एसीजेएम लालगंज, प्रतापगढ़ से निर्गत गिरफ्तारी अधिपत्र से संबंधित वारंटी अभियुक्त रौनक सिंह पुत्र अमरेश सिंह,

निवासी ग्राम पूरे बोधी, थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़, उम्र करीब 22 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर प्रमोद मेडिकल स्टोर, कस्बा रानीगंज कैथोला चौराहा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त मु0नं0 2132/25, अ0सं0 357/22, धारा 147/323/325/504/506/427 भा0द0वि0 से संबंधित वारंटी है।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-
उ0नि0 धनजीत सिंह मय हमराह का0 कैलाश कुमार, रि0का0 आशीष कुमार सिंह थाना लालगंज, जनपद प्रतापगढ़